Title: Need for completion of work at railway crossing at Loni Vyanknath village of Rond-Manmad section of Central Railway, Maharashtra.

श्री दिलीप कुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य रेल की डोंड-मनमाड लाईन लोजी व्यंकनाथ ग्राम से गुजरती है, कि.मी. 296.97 के रेल लाइन क्रॉस करके एक खेती को पानी सप्लाई करने वाला कैनाल जाता है। इस क्रॉसिंग पर रेल द्वारा कुछ सिविल वर्क की जरूरत है। अतः रेल डिपार्टमैंट ने मांगने पर कार्यरत एजेंसी कृष्ण खोरे विकास कार्पोरेशन ने सन् 1995 में रेल डिपार्टमैंट में रू. 48.00 लाख का भुगतान किया है लेकिन पांच साल के बाद भी क्रॉसिंग का सिविल वर्क शुरू नहीं हुआ। रेल डिपार्टमैंट को निर्धारित धन राशि अदा करने पर भी, पानी उपलब्ध होकर भी सिविल वर्क न होने की वजह से खेती सूखी पड़ी है। स्थानीय किसान असंतुट हैं।

अतः मैं मंत्री जी से विनती करता हूं कि इस मामले में तुरंत ध्यान देकर उपलब्ध पानी खेती के लिए उपयोग में लाने के लिए कैनाल के लिए कॉसिंग का सिविल वर्क बिना विलम्ब पूरा करने के लिए निर्देश दें।